जागरण

धड़ल्ले से बिक रही नकली दवा

Publish Date:Sun, 03 Jun 2018 05:24 PM (IST)

औरंगाबाद। प्रखंड के मेडिकल दुकानों पर नकली दवा धड़ल्ले से बिक रही है। आए दिन रोगी शिकायत करते देखे जाते हैं कि दवा फायदा नहीं की। कई ऐसी कंपनियों की दवा बाजार में बेची जा रही हैं जिस पर मेडिकल बोर्ड ने रोक लगा दी है। दवा के मूल्यों में वृद्धि से परेशान लोग अब नकली दवा मिलने से परेशान हैं। ब्रांडेड कंपनी के लिफाफे में नकली दवा की बिक्री की शिकायतें मिल रही है। नकली दवा के प्रचलन से जीवन रक्षक दवाएं लोगों के लिए मौत का कारण बन रही है। सरकार द्वारा कम दाम में उपलब्ध दवाएं मेडिकल में कम हीं बेचे जाते हैं जबकि नई कंपनी की अधिक मूल्य वाली दवाएं आसानी से मिल जाते हैं। अशिक्षित व ग्रामीण इलाके के लोग दवा की पहचान करने में असमर्थ होते हैं इस कारण ज्यादातर शिकार ऐसे लोगों को हीं बनाया जाता है। आम लोगों के उपयोग में आने वाले दवा का नकली संस्करण आ जाने से लोग बेचैन हैं। बताया जाता है कि ऐसी दवाएं मेडिकल दुकान के लिए आमदनी का जरिया बन गया है। दवा निरीक्षक अधिकारी जांच हर माह जांच नहीं करते हैं जिस कारण यह धंधा जारी है।

Source: https://www.jagran.com/bihar/aurangabad-duplicate-medicine-in-market-18035864.html